Chapter – 13

टैली में अकाउंटिंग चार्ट्स

Charts of Accounting in Tally

(टैली में अकाउंटिंग चार्ट्स)

चार्ट ऑफ़ एकाउंट्स वस्तुतः बैलेंस शीट के दायित्व (liabilities) एवं संपत्ति (assets) तथा लाभ एवं हानि (profit & loss) अकाउंट के इनकम एवं एक्सपेंसेस का पृथक्करण (Separation) होता है| यह अकाउंट ग्रुप और लेजर अकाउंट के संगठन का पदानुक्रमिक दृश्य (Hierarchical view) प्रस्तुत करता है | टैली में हम इस Hierarchical structure को व्यवस्थित कर सकते हैं अर्थात अकाउंट के किसी चार्ट की रचना करते समय यह लचीलापन (Flexibility) प्रदान करता है | यह अकाउंट चार्ट की रचना करते समय ही हमारे लेजर अकाउंट को ग्रुप किए जाने की अनुमति देता है | हमारी रिपोर्ट और स्टेटमेंट हर समय वांछित वर्गीकरण (Desired classification)को प्रतिबिंबित करते रहते है |

जैसे ही हम व्यापारिक लेखांकन सिद्धांतों के आधार पर कंपनी बनाते हैं | टैली रिवर्सड ग्रुपस कहलाने वाले 28 पूर्व -निर्धारित अकाउंट ग्रुप्स अपने आप बना देता है |इन ग्रुप्स में लेजर को वर्गीकृत किया जा सकता है|

हम इन ग्रुप्स को **Gateway of Tally →Display→ List of Accounts** पर जाकर देख सकते हैं | List of Account द्वारा ग्रुप के रूप में सूचीबद्ध किया गया विद्यमान चार्ट ऑफ़ एकाउंट्स प्रदर्शित किया जाता है जो अल्फाबेटिक क्रम में होता है हम लेजर नेम हेतु ऊपर-नीचे देख सकते हैं और एंटर दबाते हुए उसके विवरण बदल सकते हैं | विवरणों को घटाने हेतु वैकल्पिक रूप से ग्रुप हेड से Shift+ Enter keys का प्रयोग किया जाता है |

कैपिटल अथवा रिवेन्यू एवं अधिक विशिष्ट एसेट्स , लाइबिलिटी , इनकम तथा एक्सपेंडिचर के रूप में प्रस्तुत किए जाने वाले एकाउंटिंग सिस्टम की एकरूपता व अखंडता बनाए रखने के लिए रिवर्सड ग्रुपस के अंतर्गत सिस्टम में विशिष्ट प्रॉपर्टी और बिहेवियर विद्यमान होता है| ग्रुपस यह पता लगाते हैं कि क्या वे समान रूप मे से प्रॉफिट एंड लॉस अकाउंट को प्रभावित करेंगे जो कि प्रकृति रिवेन्यू में होता है अथवा बैलेंस सीट को प्रभावित करेंगे जो प्रकृति में कैपिटल होती है | इन रिवर्सड एकाउंट्स ग्रुपस में से 15 टॉप लेवल प्राइमरी ग्रुपस होते हैं और शेष 13सब- ग्रुपस होते हैं |

15 पूर्व-निर्धारित प्राइमरी ग्रुप :

1. 9 प्राइमरी ग्रुप्स जो प्रकृति में कैपिटल होते हैं उनको बैलेंस शीट में प्रदर्शित किया जाता है |
2. प्राइमरी ग्रुप जो प्रकृति में रिवेन्यू होते हैं उनको प्रॉफिट एंड लॉस अकाउंट में प्रदर्शित किया जाता है |

सभी 13 सब- ग्रुपस को 9 प्राइमरी ग्रुप के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाता है जो प्रकृति में कैपिटल होते हैं तथा उन्हें बैलेंस शीट में प्रस्तुत किया जाता है |

टैली में कैश(कैश इन हैंड ग्रुप के अंतर्गत) और प्रॉफिट एंड लॉस अकाउंट(प्राइमरी ग्रुप के अंतर्गत) पूर्व निर्धारित लेजर होते हैं |

1. **Cash:** इस लेजर को कैश-इन-हैंड ग्रुप के अंतर्गत बनाया जाता है| हम जिस दिनांक से बहिया प्रारंभ हो रही हैं वहीं से ओपनिंग बैलेंस की प्रविष्टि कर सकते हैं | हम नाम को बदल भी सकते हैं तथा साथ ही लेजर को डिलीट भी कर सकते हैं |
2. **Profit and Loss Account :** इस लेजर को प्राइमरी ग्रुप के अंतर्गत बनाया जाता है इस लेजर के लिए गत वर्षो की लाभ तथा हानि को ओपनिंग बैलेंस के रूप में प्रविष्ट किया जाता है | यहां प्रविष्टि किये गए बैलेंस को ओपनिंग प्रॉफिट एंड लॉस के रूप में माना जाता है और इसे बैलेंस शीट में लाइबिलिटी पक्ष के अंतर्गत प्रॉफिट एंड लॉस अकाउंट ओपनिंग बैलेंस के रुप में प्रदर्शित दर्शाया जाता है | इस लेजर को हम डिलीट नहीं कर सकते है परंतु संशोधित तो कर ही सकते हैं |

सभी चाइल्ड ग्रुप्स और लेजर्स द्वारा पेरेंट रिजवर्ड ग्रुप की विशिष्ट प्रॉपर्टीज को इन्हेरिट किया जाता है। विस्तृत ट्रांसेक्शन्स दर्ज किये जाने के लिए हमे अपनी पसंद के और अधिक लेजर्स,ग्रुप्स तथा सुब ग्रुप्स जोड़ने की आवश्यकता होती है |

अकाउंट की बहियो में लेजर्स द्वारा एसेट्स,लायबिलिटीज,इनकम,अथवा एक्सपेंसेस को प्रभावित किया जाता है, किसी ट्रांसेक्शन की प्रविष्ट करने के तुरंत पश्चात् टैली द्वारा प्रॉफिट एंड लॉस अकाउंट तथा बैलेंस शीट उत्पन्न की जा सकती है | यह सुविस्तृत फाइनेंशियल स्टेटमेंट और रिपोर्ट्स की श्रंखला भी उत्पन्न कर सकता है |